BSES

रविवार, 26 मार्च को खुले रहेंगे बीएसईएस बिल भुगतान केन्द्र

नई दिल्लीः 25 मार्च, 2017। उपभोक्ताओं की सुविधा के लिए, चालू वित्त वर्ष के आखिरी रविवार यानी 26 मार्च को बीएसईएस डिविजन ऑफिसों में स्थित बिल भुगतान केन्द्र खुले रहेंगे। सभी 33 डिविजनों के मुख्यायलों में स्थित 33 बिल भुगतान केन्द्र इस दिन सुबह 9 बजे से दोपहर बाद 3 बजे तक खुले रहेंगे।

इसके अलावा, डिविजन ऑफिसों तथा कुछ कंप्लेंट सेंटरों पर लगाए गए 75 बिल पेमेंट कियॉस्क पर भी उपभोक्ता सप्ताह के सातों दिन अपने बिल का भुगतान कर सकते हैं।

200 रूपये तक का कैशबैक मिलेगा

जो उपभोक्ता पेटीएम, मोबीक्विक और फोनपे की वेबसाइट तथा ऐप्स के माध्यम से 31 मार्च, 2017 तक अपने बिजली बिल का भुगतान करेंगे, उन्हें 200 रूपये तक का कैशबैक मिलेगा। जिन उपभोक्ताओं के बिल भुगतान की ड्यू डेट अप्रैल, 2017 में है, वे भी इस कैशबैक स्कीम का लाभ उठा सकते हैं, लेकिन इसके लिए उन्हें अपने बिल का भुगतान 31 मार्च तक करना होगा। ऐसी व्यवस्था इसलिए की गई है ताकि अधिक से अधिक उपभोक्ता कैशबैक स्कीम का लाभ उठा सकें।

4000 लोकेशनों पर बिल भुगतान की सुविधा

वैसे, बीएसईएस उपभोक्ताओं के पास बिल भुगतान के कई विकल्प हैं और वे 4000 लोकेशनों पर विभिन्न विकल्पों के माध्यम से बिजली बिल का भुगतान कर सकते हैं। बीएसईएस बिल भुगतान केन्द्रों के अलावा, ड्रॉप बॉक्स, क्रेडिट व डेबिट कार्ड, नेट बैंकिंग, ऑटो डेबिट, नेबरहुड ईजी बिल, मनी एंड मोबाइल, ऑक्सीजन आउटलेट्स, आईटीजेड कार्ड, बिल पेमेंट कियॉस्क तथा चेक इन मेल जैसे बिल भुगातन के तमाम विकल्प बीएसईएस उपभोक्ताओं के पास मौजूद हैं।

प्रमुख बिजली वितरण कंवनियां बीआरपीएल और बीवाईपीएल, रिलायंस इंफ्रास्ट्रक्चर लिमिटेड और राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली सरकार के बीच संयुक्त उद्यम हैं।